संत थॉमस स्कूल, धुर्वा, राँची–4

मॉडल उत्तर

कक्षा – छह **पाठ– 3, छुट्टी** **पुस्तक – मंथन**

विषय – हिंदी

उत्तर (क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दें–

1. बच्चों के सरदार का नाम फटिक था।
2. फटिक ने तने को अपने स्थान से हटाने के लिए उसे लुढ़काने का सुझाव दिया।
3. फटिक को उसकी माँ बुला रही थी इसलिए बाघा उसे ज़बरदस्ती पकड़कर ले गई।
4. फटिक के मामा का नाम विश्वंभर बाबू था।

उत्तर (ख) लघू उत्तरीय प्रश्न :–

1. फटिक का छोटा भाई 'मक्खन' फटिक पर सवार होकर उसे अंधाधुध पीटने लगा।
2. बाघा के जबरन उठा लेने पर फटिक अपने को नहीं छुड़ा सका, इसलिए गुस्से से अपने हाथ पैर पटकने लगा।
3. पुलिस फटिक को पकड़कर जीप में लेकर आई।
4. स्टीमर के खलासी लोग रस्सी फेंकर पानी नापते थे।

उत्तर (ग) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न :–

1. फटिक दिनभर अपने दोस्तों के साथ भटकता रहता था। मक्खन से उसकी झड़प होते रहती थी। उसने माँ के सामने भी मक्खन को थप्पड़ मारा। इस सबसे उसकी माँ दुखी रहती थी इसलिए उन्होंने मक्खन की तरफ़दारी की।
2. विश्वंभर बाबू द्वारा बच्चों के बारे तें पूछने पर फटिक की माँ ने उन्हें फटिक के उद्‌दंड आचरण और पढ़ाई में मन न लगाने की बात बताई।

3. अपने मामा के साथ कलकत्ता जाने के प्रस्ताव पर फटिक अत्यंत उत्साहित हो गया था। चलते समय अपने आनंद के प्रतीक स्वरूप उसने अपना मछली पकड़ने का काँटा, पतंग, लटिया आदि सब कुछ मक्खन को सौंप दिया।
4. फटिक के आने पर परिवार में एक आदमी बढ़ गया, इस बात से मामी खुश नहीं थी। मामी की प्रेमहीन आँखों में फटिक भी एक बला के समान था। उनका व्यवहार फटिक के प्रति बड़ा ही रूखा था। इससे फटिक के मन को बड़ी ठेस पहुँचती थी।

उत्तर (घ) पठित गद्यांश प्रश्न :–

1. (क) (iii) कलकत्ता
   (ख) (ii) फटिक
   (ग) (ii) माँ
   (घ) (ii) माँ
2. (क) नहीं
   (ख) हाँ
   (ग) नहीं
   (घ) हाँ
   (ङ) हाँ